तत्काल

संख्या 24/19/2014–पब्लिक
भारत सरकार
गृह मंत्रालय

नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली
दिनांक 16/7/2014

आदेश

विषयः सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत प्रथम अपील।

यतः श्री संतोष कुमार के आवेदन दिनांक 21.02.2014, जिसमें पद्म पुरस्कारों एवं अन्य विषयों से संबंधित सूचनाएँ माँगी गई थी एवं जो अनुरेखित नहीं हो पाने के कारण प्रत्युत्तर नहीं भेजा जा सका था।

2. यतः श्री कुमार ने अपने पत्र दिनांक 02.05.2014 (दिनांक 06.06.2014 को प्राप्त) में यह अपील की है कि उन्हे उनके आवेदन के आलोक में संबंधित जन सूचना अधिकारी से कोई सूचना अभी तक प्राप्त नहीं हुई है।

3. श्री कुमार द्वारा दी गई अपील का अवलोकन किया गया एवं यह पाया गया कि केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी द्वारा उक्त आवेदन की प्रति अनुरेखित नहीं हो पाने के कारण आवेदक को प्रतयुत्तर उपलब्ध नहीं कराया जा सका था। अतः संबंधित जन सूचना अधिकारी को यह निर्देश दिया जाता है कि उक्त पत्र की प्रति जो अपील के साथ संलग्न है के आलोक में आवेदक को सूचना यथाशीघ्र उपलब्ध करा दिया जाए।

4. तदनुसार इस अपील का निस्तारण किया जाता है। इस अपील का निस्तारण कार्य की अधिकता के कारण सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 19 (6) के अंतर्गत 30 दिनों के बाद परन्तु 45 दिनों के अन्दर किया जा रहा है।

16/7/14
(सतपाल चौहान)
संयुक्त सचिव (प्रशा0)
एवं अपीलीय अधिकारी
दुरभाषः 23093178

श्री सन्तोष कुमार,
पुत्र श्री रामदेव शर्मा,
ग्राम–पोथा, पो0–पोथी,
तहसील–गभाना, जिला–अलीगढ,
उत्तरप्रदेश–202136।

प्रतिलिपिः

श्रीमती श्यामला मोहन, निदेशक (ए एवं वी) तथा केन्द्रिय जन सूचना अधिकारी को आवेदन दिनांक 21.02.2014 के निस्तारण के लिए।

प्रतिलिपि:
अनुभाग अधिकारी (आई॰टी॰) को गृह मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

सेवा में,

अपीलीय अधिकारी
(सूचना का अधिकार)
गृह मन्त्रालय, नोर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली

महोदय जी,

सविनय निवेदन है कि मैं, सन्तोष कुमार सुपुत्र श्री रामदेव शर्मा, गाँव - पोथा, पोस्ट - पोथो, तहसील - गभाना, जिला - अलीगढ़ - २०२१३६ (उत्तर प्रदेश) का निवासी हूँ। मैंने एक RTI आवेदन पत्र गृह मन्त्रालय को दिया था जिसका दिनाँक २१-०२-२०१४ है एवं गृह मन्त्रालय की RTI Fees रसीद संख्या : २८९८१ है।

मेरा RTI आवेदन पत्र पद्म सम्मानों के सम्बन्ध में था। काफी दिन व्यतीत हो गये यानि RTI आवेदन पत्र को दिये २ महिने से भी अधिक हो गये लेकिन मेरे द्वारा माँगी गयी सूचना मुझे नहीं मिली है।

मेरे RTI आवेदन पत्र के सम्बन्ध में एक पत्र मिला है जिसकी संख्या : A-43020/01/2014-RTI Dated 04-03-2014, मुझे बताया गया है कि मेरा आवेदन पत्र निदेशक (ए एंड वी), गृह मन्त्रालय, नोर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली को भेजा गया है। लेकिन मेरे द्वारा माँगी गयी सूचना मुझे प्राप्त नहीं हुई।

मेरा विनम्र निवेदन है कि मेरे द्वारा माँगी गयी सूचना अतिशीघ्र दी या दिलायी जाय। अगर देरी हुई तो मैं द्वितीय अपील केन्द्रीय सूचना आयोग, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली को देने के लिए मुझे मजबूर होना पड़ेगा।

सकारात्मक विचार के साथ।

दिनाँक : ०२-05-2014

आपका
Santosh kumar

29 MAY 2014
के.र.सं. / C.R. No. 28275-9